भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 3660

उत्तर देने की तारीख - 11/08/2025

सोमवार, 20 श्रावण, 1947 (शक)

कौशल भारत मिशन में एनएसडीसी की भूमिका

3660. श्रीमती हेमा मालिनी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की स्थापना निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को उत्प्रेरित करने और कुशल व्यावसायिक प्रशिक्षण पहल स्थापित करने, भारत के युवाओं को सशक्त बनाने हेतु कौशल भारत मिशन का रणनीतिक कार्यान्वयन और ज्ञान भागीदार बनने के उद्देश्य से की गई थी;

(ख) क्या एनएसडीसी उन उद्यमों, स्टार्ट-अप्स, कंपनियों और संगठनों को सहायता प्रदान करता है जो संभावित कार्यबल को भविष्य के कौशल में अवसरों की दुनिया प्रदान करके प्रभाव पैदा कर रहे हैं; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में उद्यमों, स्टार्ट-अप्स, कंपनियों और संगठनों को एनएसडीसी द्वारा प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) एक गैर-लाभकारी कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 2008 में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत की गई थी, जिसका उद्देश्य कौशल विकास में निजी क्षेत्र की पहल को समन्वित और प्रोत्साहित करना है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में, एनएसडीसी ने 36 क्षेत्रीय कौशल परिषदों का गठन किया है, जिनका नेतृत्व संबंधित क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी लोग करते हैं और कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान करने के साथ-साथ कौशल योग्यता मानकों का निर्धारण भी करते हैं। एनएसडीसी, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) और पीएम विश्वकर्मा जैसी प्रमुख कौशल विकास स्कीमों के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में भी कार्य करता है।

एनएसडीसी कौशल अवसर प्रदान करने वाले उद्यमों, स्टार्ट-अप्स, कंपनियों और संगठनों को प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में शामिल करके और सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) के माध्यम से उम्मीदवार प्रबंधन, मूल्यांकन और प्रमाणन को सक्षम बनाकर सहायता प्रदान करता है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष में दिनांक 30.06.2025 तक 30,489 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त, एनएसडीसी के बाज़ार आधारित कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष में मथुरा जिले में 1,739 उम्मीदवारों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है।

*****